भारत सरकार
उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 488
उत्तर देने की तारीख 20 नवंबर, 2019 (बुधवार)
29 कार्तिक, 1941 (शक)

प्रश्न

एनईएसआईडीएस के लिए निधि

488. श्री जयंत सिन्हा:

क्या उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तर-पूर्वी विशेष अवसंरचना विकास योजना (एनईएसआईडीएस) के लिए जारी धनराशि का ब्यौरा क्या है और राज्य-वार कितनी राशि का उपयोग नहीं किया गया है;

(ख) क्या मानव विकास के लिए महत्वपूर्ण इमारतों जैसे विद्यालयों और अस्पतालों के निर्माण पर जोर दिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त योजना के अंतर्गत वर्तमान में कितनी परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है और कार्य के पूर्ण होने का राज्य-वार प्रतिशत क्या है?

उत्तर
उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) उत्तर-पूर्व विशेष अवसंरचना विकास स्कीम (एनईएसआईडीएस) के तहत जारी की गई निधियों का राज्य-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:-

		(रूपये करोड़ में)
क्र. सं.	**राज्य**	**निर्मुक्त निधियां**
1.	अरूणाचल प्रदेश	12.02
2.	असम	73.11
3.	मणिपुर	30.59
4.	मेघालय	24.22
5.	मिजोरम	71.37
6.	नागालैंड	0.90
7.	सिक्किम	41.32
8.	त्रिपुरा	0.30
	कुल	**253.83**

एनईएसआईडीएस के तहत जारी निधियों के उपयोगिता प्रमाणपत्र अभी देय नहीं हैं ।

(**ख**) **इस स्कीम का कार्यक्षेत्र अन्य बातों के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य के प्राथमिक और द्वितीयक क्षेत्रों में अवसंरचना के निर्माण को भी कवर करता है । शिक्षा क्षेत्र के तहत** 36.33 **करोड़ रूपये लागत की तीन** (03) **परियोजनाएं और स्वास्थ्य क्षेत्र के तहत** 75.96 **करोड़ रूपये लागत की चार** (04) **परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं ।**

(**ग**) **इस स्कीम के तहत** 55 **परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं । परियोजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा निम्नानुसार है**:-

क्र. सं.	**राज्य**	**परियोजनाओं की संख्या**
1.	अरूणाचल प्रदेश	16
2.	असम	8
3.	मणिपुर	8
4.	मेघालय	6
5.	मिजोरम	3
6.	नागालैंड	9
7.	सिक्किम	2
8.	त्रिपुरा	3
	कुल	**55**

स्कीम के तहत कोई भी परियोजना अभी तक पूर्ण नहीं हुई है ।

*****